राष्ट्र के निर्माण में जागरुक मतदाता की भूमिका महत्वपूर्ण —अनिरुद्ध सिंह

देवरिया।। राष्ट्र के मजबूत होने से ही हम सुरक्षित रह सकते है और यह मजबूती एक राष्ट्रवादी सरकार में ही सम्भव है। इसके लिए सभी मतदाताओं को जागरुक होकर मतदान करना अनिवार्य है। उक्त बातें सरस्वती वरिष्ठ माध्यमिक विद्या मन्दिर के माधव सभागार में आयोजित मतदाता जागरुकता कार्यक्रम में उपस्थित छात्रों को सम्बोधित करते हुये विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री अनिरुद्ध सिंह जी ने कही। अपने सम्बोधन में श्री सिंह ने कहा कि मतदान प्रतिशत में वृद्धि करके हम मजबूत सरकार का गठन करनें में अवश्य ही योगदान कर सकते है।हम सबकी जिम्मेदारी है कि आस—पड़ोस परिवार के सभी मतदाताओं को 01 जून को मतदान करने के लिये जागरुक करें। पहले मतदान फिर कोई की काम के भाव को स्पष्ट करते हुये कहा कि लोक तंत्र भारत के संविधान की आत्मा है ओर मतदान लोकतंत्र का महापर्व है। अतः सभी मतदाताओं को इस लोकतंत्र के महापर्व में अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिये। कमजोर सरकार का उदाहरण देते हुये उन्होने कहा कि जम्मू कश्मीर के विस्थापित परिवार तत्कालीन केन्द्र में राष्ट्रवादी सरकार के न होने का दुष्परिणाम भोगने को विवश हुये। प्रधानाचार्य द्वारा इस अवसर पर उपस्थित छात्रों को मतदाता जागरुकता अभियान में बढ़ चढ़कर भाग लेने के लिये शपथ दिलायी गई। इसके पूर्व विद्यालय के वर्तमान शिक्षण सत्र 2024—25 के लिये छात्र संसद के गठन की कार्यवाही पूर्ण की गई जिसमें भैया प्रत्युष द्विवेदी प्रधानमंत्री, भैया अविरल प्रताप उपप्रधानमंत्री ,भैया अमान अख्तर न्यायाधीश व भेया श्विम दूबे सेनापति पद पर निर्वाचित हुये। कार्यक्रम का संचालन अशोक यादव ने किया। इस अवसर पर आचार्य श्री जगदीश प्रसाद ,रामबली, हरिनाथ त्रिपाठी, चन्द्र प्रकाश सिंह, मनोज कुन्दन ,संतोष कुमार सिंह सहित समस्त आचार्य परिवार एवं छात्र भैया उपस्थित रहे।

प्रधानाचार्य